राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे की ओर से अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर पेश की गई

जयपुर, 9 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की ओर से गुरुवार को अजमेर में गरीब नवाज ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर पेश की गई।

अजमेर दरगाह पहुंचने पर राज्यपाल की ओर से जियारत कर चादर चढ़ाई गई। राज्यपाल के परिसहाय श्री प्रवीण नायक और उप सचिव श्री मुकेश कलाल ने चादर पेश की।

सालाना उर्स के अवसर पर राज्यपाल श्री बागडे का संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। अपने संदेश में श्री बागडे ने ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के अमन और मोहब्बत के पैगाम को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ख्वाजा साहब का उर्स विविधता में एकता की भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने भारत को संत–महात्माओं और पीर पैगम्बरों के जीवन मूल्यों से जुड़ी संस्कृति का बताते हुए उनके सद्भाव के विचारों के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

————